**श्री अमरेन्द्र प्रसाद सिंह (भा0 प्र0 से0), जिला पदाधिकारी, मुंगेर की अध्यक्षता में दिनांक 09.12.2014 को आयोजित कृषि टास्क फोर्स की बैठक की कार्यवाही :–**

**उपस्थितिः– यथा पंजी में संधारित**

दिनांक 09.12.2014 को जिला पदाधिकारी, मुंगेर द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में कृषि टास्क फोर्स की बैठक की गयी जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी राज्यस्तरीय बैठक में रहने के कारण उनका प्रतिनिधित्व अनुमंडल कृषि पदाधिकारी (सा0) मुंगेर द्वारा किया गया।

1. कृषि

**(i) वर्षापात/आच्छादनः–** जिला पदाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए फसल स्थिति की जानकारी लिये जाने पर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि धान की कटाई अंतिम चरण में है जिसकी फसल जाँच कटनी प्रयोग भी लगभग पूर्ण हो गयी है। रबी फसलों की बुआई अभी चल रही है जिसका आच्छादन निम्न प्रकार है :–

| क्र0सं0 | फसल का नाम | लक्ष्य हे0 | आच्छादन (हे0) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गेहूँ | 24000 | 22000 | 91.66% |
| 2 | मक्का | 3000 | 2400 | 80% |
| 3 | चना | 1000 | 1000 | 100% |
| 4 | मसूर | 1500 | 1500 | 100% |
| 5 | मटर | 500 | 500 | 100% |
| 6 | अन्य दलहन | 500 | 500 | 100% |
| 7 | राई / सरसों | 500 | 500 | 100% |
| 8 | तीसी | 800 | 800 | 100% |
| 9 | सूर्यमुखी | 320 | 100 | 50% |
| | योग | 32000 | 29300 | 91.29% |

**(ii) उर्वरक,बीज एवं कीटनाशी :–** उर्वरक की स्थिति की समीक्षा में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि रबी मौसम हेतु मुंगेर जिला को यूरिया 7400 डी0ए0पी0, 2500, एन0पी0के0 800, एम0ओ0पी0 1100 एवं एस0एस0पी0 2000 मै0 टन लक्ष्य निर्धारित है जिसके विरूद्ध 30 नवम्बर 2014 तक यूरिया–1540 डी0ए0पी0–275 एन0पी0के0–00 एम0ओ0पी0–25 एवं एस0एस0पी0–00 मै0 टन प्राप्त हुआ है जिसका भौतिक सत्यापन के साथ गुणवत्ता जाँच हेतु नमूना लिया जा रहा है और उर्वरक की अभी कोई कमी नहीं है।

**(iii) कृषि यांत्रिकरण :–** अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, द्वारा बताया गया कि अनुदानित दर पर कृषि यंत्रों हेतु अभी तक 1282 आवेदन ऑनलाईन हुआ है। 10000 एवं 10000 रू0 से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्रों हेतु एल0पी0सी0 अनिवार्य

किया गया है जो बहुत से किसानों के पास नही रहने से आवेदन की गति अच्छी नहीं हो पा रही है। नवंम्बर माह का दो दिवसीय मेला दिनांक 24 एवं 25 को स्थानीय पोलो मैदान, मुंगेर में सम्पन्न हुआ जिसमें वितरित कृषि यंत्रों के अनुदान भुगतान की कार्रवाई करते हुए दिनांक 29 से 30 दिसम्बर को प्रस्तावित आगामी मेला हेतु आवश्यक तैयारी की जा रही है जिसपर जिला पदाधिकारी द्वारा मेले का व्यापक प्रचार–प्रसार के साथ सभी यंत्रों के लक्ष्य प्राप्ति का निदेश दिया गया।

(iv) <u>मिट्टी जाँच अभियान</u> :– मिट्टी जाँच अभियान 2014 अर्न्तगत संग्रहित 7016 के विरूद्ध अभी तक–4561 मिट्टी नमूनों का विश्लेषण हुआ है जिसके स्वायल हेल्थ कार्ड हेतु प्रतिवेदन ऑनलाइन कराया जा रहा है।

(v) डीजल अनुदान :– डीजल अनुदान की समीक्षा में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, द्वारा बताया गया कि सभी प्रखंडो में कोषागार से निकासी की गई प्रथम चरण की राशि का वितरण पूर्ण हो चुका है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर मुंगेर, हवेली खड़गपुर, टेटिया बम्बर, संग्रामपुर एवं धरहरा द्वारा डीजल अनुदान वितरण के पश्चात अवशेष राशि को प्रत्यार्पित कर दिया गया है एवं असरगंज, बरियारपुर, तारापुर एवं जमालपुर प्रखंडों द्वारा डीजल अनुदान की अतिरिक्त राशि की अधियाचना के क्रम में प्रत्यार्पित राशि से असरगंज को मो0-4,41,551/– (चार लाख एकतालीस हजार पाँच सौ एकावन) रूपया अतिरिक्त आवंटन दे दिया गया है जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अतिरिक्त राशि का आवंटन प्राप्त हो गया है जिसे शेष अधियाचित प्रखंडों में शीघ्र उपआवंटन कर दो सप्ताह के अंदर वितरण कराने का निर्देश दिया गया।

2. <u>आत्मा</u> :– परियोजना निदेशक आत्मा द्वारा बताया गया कि माह दिसम्बर 2014 का विषयवार एवं तिथिवार प्रस्तावित कार्यक्रम का विस्तृत प्रतिवेदन निम्नवत है जिसके लिए आवश्क कार्रवाई की जा रही है :–

*1. <u>प्रशिक्षण कार्यक्रम</u>*

| क्र0 सं0 | प्रशिक्षण का प्रकार | प्रशिक्षण का विषय | कृषकों/ प्रतिभागियों की संख्या | कार्यक्रम की तिथि | प्रशिक्षण स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अर्न्तराज्जीय प्रशिक्षण कार्यक्रम | सुगंधित पौधे की खेती | 09 | 29.12.14 से 04.01.14 | जवाहर लाल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय जबलपुर, म0प्र0 |
| 2 | राज्य स्तरीय प्रशिक्षण | जैविक खेती/ विदेशी सब्जी/ मशरूम / डेयरी /मछली पालन | 25 | दिसम्बर 2014 | बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर |

*2. <u>परिभ्रमण कार्यक्रम</u>*

| क्र0 सं0 | परिभ्रमण का प्रकार | परिभ्रमण का विषय | कृषकों/ प्रतिभागियों की संख्या | कार्यक्रम की तिथि | परिभ्रमण स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अर्न्तराज्यीय स्तरीय परिभ्रमण | अर्न्तराष्ट्रीय कृषि यांत्रिकरण –सह– उपादान मेला | 10 | 11.12.14 से 17.12.14 | अर्न्तराष्ट्रीय कृषि मेला, पुणे (महाराष्ट्र) |

3. **उद्यान** :– सहायक निदेशक उद्यान के द्वारा बताया गया कि सघन बागवानी योजना 2014–15 के अंतर्गत पपीता का बीज नर्सरी में डाला गया है एवं पौधा तैयार होने पर चयनित कृषकों के बीच वितरण किया जाएगा।

4. **मत्स्य** :– जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कृषकों को मछली पालन का प्रशिक्षण दिया जाना है जिसके लिए 30 कृषकों का चयन कर लिया गया है। अनुसूचित जाति के कृषकों के लिए 4 एकड़ एवं अनुसूचित जनजाति के कृषकों के लिए 1.5 एकड़ में 90% अनुदान पर नर्सरी तालाब बनवाना है जिसके लिए विज्ञापन निकाला गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुये उक्त कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

अंत में धन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

| | | |
|---|---|---|
| | | विश्वासभाजन, |
| जिला कृषि पदाधिकारी, | उपविकास आयुक्त, | जिला पदाधिकारी, |
| –सह–सदस्य सचिव | –सह– उपाध्यक्ष | –सह– अध्यक्ष |
| मुंगेर। | मुंगेर। | मुंगेर। |

ज्ञापांक: 1660 /कृषि/मुंगेर दिनांक – 15.12.14

प्रतिलिपि:– सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि:– अनुमंडल पदाधिकारी सदर मुंगेर/तारापुर/ह0 खड़गपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव
मुंगेर।

ज्ञापांक : 1660 / कृषि/ मुंगेर दिनांक– 15.12.14

प्रतिलिपि :– परियोजना निदेशक आत्मा, मुंगेर/उप कृषि निदेशक, सूचना बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव
मुंगेर।

D/ Task force folder / task force 09-12-2014

ज्ञापांकः 1660 /कृषि /मुंगेर, दिनांक– 15.12.14

प्रतिलिपि– उप कृषि निदेशक सांख्यिकी, बिहार, पटना/ निदेशक पी0पी0एम0 एवं कृषि निदेशक बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव
मुंगेर।

ज्ञापांक : 1660 /कृषि/मुंगेर, दिनांक– 15.12.14

प्रतिलिपि– आयुक्त मुंगेर की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव
मुंगेर।

ज्ञापांकः 1660 /कृषि/मुंगेर, दिनांक– 15.12.14

प्रतिलिपि– प्रधान सचिव/कृषि उत्पादन आयुक्त, बिहार पटना की सेवा में सूचनार्थ अग्रसारित।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव
मुंगेर।

D/ Task force folder / task force 09-12-2014